संख्या-35/1324/84-1-23बामा(बजट)/2012

प्रेषक,

धर्म चन्द्र पाण्डेय,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

नियंत्रक,
विधिक माप विज्ञान विभाग,
उ0प्र0, लखनऊ।

उपभोक्ता संरक्षण एवं बाट माप अनुभाग-1 लखनऊ दिनॉक 17 जनवरी, 2014

विषय- भारत सरकार द्वारा विधिक माप विज्ञान विभाग के सुदृढीकरण हेतु उपलब्ध कराये गये वेब्रिज टेस्टिंग मोबाइल वैन के संचालन हेतु धनराशि की स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-475/निविमावि-लेखा 7(25) मॉग/2013-14, दिनॉक 31 दिसम्बर, 2013 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि भारत सरकार द्वारा विधिक माप विज्ञान विभाग के सुदृढीकरण हेतु उपलब्ध कराये गये वेब्रिज टेस्टिंग मोबाइल वैन (किट सहित) के संचालन हेतु प्रदेश सरकार के पक्ष में वित्तीय सहायता के रूप में वर्ष 2010-11 में प्रदान की गयी अवशेष धनराशि रू0 4,82,000;00 एवं वित्तीय वर्ष 2011-12 में प्रदान की गयी धनराशि रू0 6,00,000;00 कुल धनराशि रू0 10,82,000;00 (दस लाख बयासी हजार रूपये) मात्र जो वित्तीय वर्ष 2013-14 के लिये अनुपूरक अनुदानों की आयोजनेत्तर मॉग में सम्मिलित है। उक्त धनराशि रू0 10,82,000;00 (दस लाख बयासी हजार रूपये) मात्र आपके निवर्तन पर रखे जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2- उक्त आहरित की जाने वाली धनराशि भारत सरकार/प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत सुसंगत शासनादेशों/नियमों के तहत किया जायेगा। धनराशि का व्यय स्वीकृत मद में करते हुए उपयोगिता प्रमाण पत्र शासन को यथासमय उपलब्ध कराया जायेगा।

3- उक्त व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2013-14 के आय-व्ययक की अनुदान संख्या-21 के अन्तर्गत लेखाशीर्ष 3475-अन्य सामान्य आर्थिक सेवायें-आयोजनेत्तर-106-भार और माप का विनियमन-03-अधिष्ठान व्यय-15-गाडियों का अनुरक्षण और पेट्रोल आदि की खरीद के नामें डाला जायेगा।

4- यह आदेश वित्त विभाग की अशासकीय संख्या-ई-7-51/दस-2014, दिनॉक 15 जनवरी, 2014 में प्राप्त उनकी सहमति से निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(धर्म चन्द्र पाण्डेय)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या-35/1324(1)/84-1-2013-तददिनॉक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- प्रधान लेखाकार, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
2- महालेखाकार ((लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
3- महालेखाकार ((लेखा परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
4- निदेशक, वित्तीय सांख्यिकी निदेशालय, जवाहर भवन, लखनऊ।
5- निदेशक, राष्ट्रीय सूचना केन्द्र, लखनऊ।
6- कोषाधिकारी, लखनऊ।
7- वित्त (लेखा) अनुभाग-1 व 2
8- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2, वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-7
9- खाद्य एवं रसद अनुभाग-3
10- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(धर्म चन्द्र पाण्डेय)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in